तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

13 भिलाई-3 चरोदा की सड़कें बदहाल, रोड पर जगह-जगह गड्ढे


14 सेजस स्कूल के 110 बालिकाओं को मिली सायकिल


Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** बाईक के माध्यम से जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मेटाबोदली माईंस के कैंटिन मे मजदूरी करने वाले ग्राम लिम्हाटोला निवासी सनत कुमार सिन्हा ने पुलिस को बताया कि मेरे परिवार ग्राम लिम्हाटोला में रहते है, मेरे भतीजा कमलेश सिन्हा जो गांव के सितेश कुमार मानकर निवासी लिम्हाटोला का मोटर साइकिल सीजी 24 ट 1984 से बेलरगोंदी डौण्डी की तरफ जा रहा था को मथाई चौक के आगे मेन रोड व राम मंदिर के पहले ट्रक सीजी 08 ट 6129 के चालक ने मेरे भतीजा कमलेश को ट्रक के दाहिने पिछे चक्के से टकराने से सिर में गंभीर चोट लगा है व मोटर सायकल ट्रक के चपेट में आने से पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, कमलेश को प्राथमिक उपचार के लिए शासकिय अस्पताल डौण्डी लेकर गये जा उसकी गंभीर हालत के कारण कमलेश को राजनांदगांव अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती किये है।

### युवक से की गली गलौज, मामला दर्ज

**बालोद।** कला मंच निर्माण के दौरान गाली गलौज हो गई जिसके बाद रिपोर्ट लिखाई है जिसमें पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नंबर 15 आदिवासी कॉलोनी डौण्डीलोहारा निवासी चैतराम ने पुलिस को बताया कि वार्ड नंबर 15 आदिवासी कॉलोनी डौण्डीलोहारा में शासकीय भूमि खसरा नंबर 124 करीबन 25 डिसमिल में कला मंच का निर्माण हो रहा है, जिसमें ग्राम कोटेरा के द्वारका राम देवांगन के द्वारा ठेका लेकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां कमलेश जैन मौके पर आकर निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारका राम को यह जमीन मेरा है। यहां क्यों कला मंच बनवा रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा। तभी मैं कमलेश जैन को बोला उक्त जमीन शासकीय जमीन है, तुम्हारा है तो जमीन का पेपर दिखाओ, कहने पर मुझे भी गाली गलौज करने लगा।

### वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मोटर साइकिल के माध्यम से मड़ई देखने जा रहे तीन लोगों को स्कार्पियो ने ठोकर मार दिया। जिससे तीनो मोटर साइकिल सवार घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने स्कार्पियो चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम छिंदगांव निवासी खिलेश्वरी यादव ने पुलिस को बताया कि कुआंगोंदी मड़ई देखने के लिए मेरे भईया राजकुमार यादव के मोटर साइकिल सीजी 24 जे 1523 में मै व साथ में मेरी भाभी दामेश्वरी व भतीजा ओम कुमार सभी एक ही मोटर साइकिल मे बैठकर जा रहे थे, मोटर साइकिल को मेरे भईया राजकुमार यादव चला रहे थे, इसी दौरान स्कार्पियो सीजी 21 जे 9504 के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम सभी मोटर सायकल सहित इधर उधर गिर गये। एक्सीडेंट से ठोकर लगने से मेरे भईया राजकुमार यादव के दांए पैर के नीचे, दांए कंधा भाभी दामेश्वरी के पीछे सिर, दांए गर्दन भतीजा ओम कुमार बांए कंधा, दांए पैर व मुझे कमर दांए पैर व सिर के पास चोंट आया है।

**विरोध : धान खरीदी के अंतिम दिन किसानों को नहीं मिला उनका मेहनत का फल**

# किसानों के समर्थन में संगीता सिन्हा ने नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बीजेपी सरकार द्वारा धान बेचने से वंचित किसानों के हक की लड़ाई के लिए किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के तत्वावधान में पुरुर नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन किया गया।

- धरना प्रदर्शन में किसान हितों की रक्षा और सरकार से तत्काल समाधान की मांग

नेशनल हाईवे पर धरना–प्रदर्शन चक्का कर जाम किया अपने विधानसभा क्षेत्र के किसानों की पीड़ा एवं दुख को देखते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा व काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुरुर नेशनल हाईवे पर धरना–प्रदर्शन सांकेतिक चक्का जाम किया।

विधायक ने कहा कि 30 जनवरी धान खरीदी का आखिरी दिन था, लेकिन बालोद जिले के लगभग 1,20,000 किसान अपनी मेहनत का फल धान का एक दाना भी नहीं बेच पाये हैं। ये कैसी विडंबना है हमारे अन्नदाताओं के साथ उनकी बिना अनुमति के रकबा समर्पण करवाने की घटना सामने आती है, किसानो का टोकन नहीं काटा जाता, क्या ये विष्णुदेव साय की सरकार गूंगी बहरी हो गई है। इनकी सरकार में मानवता नाम की चीज भी नहीं बची है। संगीता सिन्हा ने अपने क्षेत्र के किसानों की सहायता के लिए हर संभव ▶▶|शेष पेज 13 पर







### इन्होंने दिया धरना

प्रदर्शन में पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बालोद बसंत सोनबेर, ब्लॉक महामंत्री सादिक अली, सुमित राजपूत, ब्लॉक काँग्रेस गुरूर के सदस्य उमेश कुमार साहू, राकेश सोनबेर, मुकेश सार्वा, चितेश सोनवानी, कुलदीप साहू, मोनू ठाकुर, हिमांशु लावत्रे, अंकुश दीवान, चोवाराम साहू, डोमन साहू, सोसायटी निगरानी समिति के सदस्य यानेश सोनबेर, बसंत कुमार साहू, चित्रंगद सोनबेर, संजय केकती, टोमन साहू, जुगलकिशोर सोनबेर, टोमन निषाद, ईश्वर साहू, कृष्णा साहू, देवनारायण साहू, तेजराम साहू, रवीन्द्र साहू, योगेश्वर साहू राजू साहू, एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आस पास के किसान उपस्थित थे।

# नाराज किसानों ने की धान खरीदी केंद्र में तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

धान नहीं बेच पाने से परेशान ग्राम कोटगांव के किसानों ने धान खरीद केंद्र में तालाबंदी कर दी और धरने पर बैठ गए। सत्यापन के बाद भी पिछले सप्ताह भर से टोकन का बाट जोह रहे किसान अंतिम दिवस तक टोकन कटने का इंतजार करते रहे। उन्हें उम्मीद थी कि धान खरीदी की तारीख बढ़ाई जाएगी, लेकिन कोई भी सूचना नहीं होने के कारण शुक्रवार को तालाबंदी कर दिए और धरने पर बैठ गए।

सेवा सहकारी समिति कोटगांव में पहले प्रति दिवस खरीदी मात्र 1212, फिर 900, फिर गुरुवार से 500 क्विंटल बढ़ाई गई, इसके बाद भी सत्यापन किए हुए धान बिक्री के लिए किसानों को टोकन नहीं मिल पाया। यहां इस तरह 39 किसान प्रभावित हैं।

किसान सालिक देशमुख, तुलसी देशमुख, कमलेश ठाकुर, तुलसी राम सिन्हा, संजय महेश्वर, उद्दाल सिन्हा, शिव राम यदु, कल्याण यदु, कृपा राम यादव, गजाधर यदु, कृष्ण कुमार यदु आदि किसानों ने ताला बंदी कर धरने पर बैठ गए हैं। किसानों का कहना है कि जब अधिकारियों ने बचे हुए धान का सत्यापन कराया तो उसे खरीदने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। एक तो शुरू से टोकन लेने में बहुत दिक्कत रही और अब हमारा धान अंतिम दिवस तक भी नहीं खरीदा गया है। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक धान नहीं खरीदा जाएगा वे लगातार धरना प्रदर्शन करेंगे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा उपायों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने नशापान एवं तेज गति से ड्राइविंग को सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण मानते हुए पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पटेल ने जिले के दुर्घटना जन्य सड़क मार्गों एवं अन्य स्थानों को चिन्हित कर इन स्थानों पर सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

- नशापान और तेज गति से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस, यातायात एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से जाँच अभियान चलाकर शराब पीकर एवं तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा। पटेल ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल लेने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने के संबंध में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सख्त निर्देश जारी करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने वाहन चालकों के लायसेंस जांचकर बिना लायसेंस के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्कूली बस एवं बच्चों को ले जाने वाले अन्य वाहनों का नियमित रूप से फिटनेस ▶▶|शेष पेज 13 पर

### वाहन की ठोकर से युवक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** दुकान के बाहर खड़े व्यक्ति को बोलेरो ने ठोकर मार दिया। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित ने बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राज जेवरतला थाना देवरी निवासी मानसिंग साहू पिता घन्सु लाल साहू 52 वर्ष ने पुलिस को बताया कि अपने साथी जेवरतला निवासी देवलाल रावटे पिता तुकाराम रावटे के साथ ग्राम नाहंदा में दुकान के पास चिकन लेने के लिये रोड के किनारे खडे थे, तभी उसी समय ग्राम देवरी की तरफ से बोलेरो पिक–अप के चालक के द्वारा बोलेरो पिक–अप सीजी 08 एटी 2349 से हम दोनो को ठोकर मारते हुये ग्राम जेवरतला की ओर भाग गया। जिससे मुझे बांया आंख, सिर में व देवलाल रावटे को सिर, बांये आंख, कमर में चोंटे आया है, मेरे द्वारा देवलाल रावटे को अपने निजी साधन से शासकीय अस्पताल देवरी ईलाज हेतु लेकर गया। वहां डाक्टर के द्वारा ईलाज करने पश्चात देवलाल रावटे के गंभीर चोंट को देखते हुये उसे मेडिकल कालेज पेण्ड्री राजनांदगांव रिफर किया गया।

# मुख्यमंत्री साय ने महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नारायणपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की 24वीं किस्त का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बटन दबाकर 68 लाख 47 हजार 355 महिलाओं के खातों में 641 करोड़ 34 लाख 79 हजार 350 रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए। राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक सुरक्षा के उद्देश्य से प्रारंभ की गई यह योजना अपने सफल दो वर्ष पूर्ण कर चुकी है और प्रदेश की महिलाओं के जीवन में स्थायी आर्थिक संबल का मजबूत आधार बनकर उभरी है।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री एवं नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना 01 मार्च 2024 से प्रदेश में लागू की गई। योजना के अंतर्गत कुल 70 लाख 27 हजार 154 महिलाओं द्वारा आवेदन किया गया था, जिनमें से पात्र 70लाख 9 हजार 578 महिलाओं को 10 मार्च 2024 को प्रथम किस्त का भुगतान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से किया गया था। अब तक 23 माह में महिलाओं को 14 हजार 954 करोड़ 42 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। फरवरी 2026 में 24वीं किस्त के अंतर्गत अद्यतन स्थिति में कुल 69 लाख एक हजार 115 पात्र हितग्राहियों में से ई–केवाईसी लंबित हितग्राहियों को छोड़कर 68 लाख 39 हजार 592 हितग्राहियों को 640 करोड़ 57 लाख 47 हजार 850 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित जिलों में संचालित नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत शामिल 7,763 नवीन हितग्राहियों को 77 लाख 31 हजार 500 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार कुल 68 लाख 47 हजार 355 महिलाओं को 641.34 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। 24वीं किस्त के साथ ही योजना के अंतर्गत कुल भुगतान राशि बढ़कर 15 हजार 595 करोड़ 77 लाख रुपये हो जाएगी। प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों सुकमा, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर में नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से माह नवम्बर से अब तक 7,763 महिलाओं को महतारी वंदन योजना से जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार की सुरक्षा और सुशासन के चलते योजनाएं अब दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रें तक भी प्रभावी रूप से पहुँचने लगी हैं।

- डीबीटी के माध्यम से 68 .47 लाख महिलाओं के खातों में राशि की अंतरित

**48 घंटे में भुगतान व्यवस्था की सराहना की**

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की योजना के अंतर्गत धान खरीदी से लेकर उनके खाते में समय पर राशि के अंतरण की बेहतर व्यवस्था की सराहना पूरे राज्य के साथ बालोद जिले के किसानों ने भी मुक्तकंठ से की है। बिना किसी अवरोध के धान खरीदी केन्द्रों में समय पर धान की बिक्री होने के साथ–साथ 48 घण्टे में किसानों के खाते में राशि अंतरित करने की बेहतरीन व्यवस्था से बालोद जिले के किसानों में सर्वस्त्र हर्ष व्याप्त है।

जिलें के किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं किसान हितैषी योजना बताते हुए इस योजना की भूरी–भूरी सराहना की है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देवारभाट के बुजुर्ग कृषक कौशल साहू ने जिले में धान खरीदी की बेहतर एवं कारगर व्यवस्था की भूरी–भूरी सराहना करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।



किसान कौशल साहू ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में सुगमता से किसानों की धान खरीदी के अलावा धान खरीदी केन्द्रों में शुद्ध पेयजल, छांव आदि के अलावा शौचालय, मेडिकल किट आदि जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता से हम किसानों को अपनी धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार कठिनाई नही हुई।

उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के समय पर धान खरीदी से लेकर 48 घण्टे के भीतर हम किसानों के खाते में धान बिक्री के राशि की अंतरण आदि की भी बेहतरीन व्यवस्था की गई है। जिसके फलस्वरूप हम किसानों को समय पर हमारे मेहनत का भी उचित दाम मिल रहा है। किसान कौशल साहू ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने धान खरीदी केन्द्र औराभाठा में पहुंचकर 100 क्विंटल पतला एवं 100 क्विंटल मोटा सहित कुल 200 क्विंटल धान की बिक्री की थी। उन्होंने बताया कि धान बिक्री के 48 घण्टे के उपरांत उनके खाते में बिक्री किए गए धान की राशि जमा हो गया। किसान कौशल साहू ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना अंतर्गत प्राप्त धान बिक्री की राशि उनके एवं उनके परिवार के लिए हर दृष्टि से उपयोगी एवं मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना से मिले राशि का उपयोग खेती किसानी के ऋण की अदायगी के अलावा घरेलु एवं अन्य जरूरी कार्य बच्चों की पढ़ाई लिखाई तथा इलाज आदि के लिए भी बहुत ही मददगार साबित होकर हम किसानों के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। उन्होंने धान खरीदी योजना के माध्यम से अपने जैसे अनेक किसानों को जरूरत के समय मदद उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
की ओपीडी शुल्क अब मात्र 100/-
उच्च जोखिम डिलीवरी में व्यापक अनुभव रखने वाले एनेस्थेसियोलॉजिस्ट एवं गायनेकोलॉजिस्ट
हाईरिस्क डिलवरी, बिना चीरा बच्चेदानी का ऑपरेशन, कैंसर एवं बांझपन से संबंधित ईलाज, लैप्रोस्कोपिक एवं सामान्य सर्जरी विशेषज्ञ। सभी प्रकार की गायनिक सर्जरी एवं फैमिली प्लानिंग।
Dr. Sanjay Goyal
MBBS, MD
Anaesthesia & Intensive Care
डॉ. मोनीदीपा साहा
MBBS, MS
Fellowship in Laparoscopic surgery
दिन: सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 से दोपहर 03 बजे तक
डॉ. नीलम जैन
MBBS, MD
दिन: सोमवार से शुक्रवार
समय : शाम 05 से 07 बजे तक
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप

### दुर्ग राज कुर्मी समाज का राज अधिवेशन कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज का राज अधिवेशन 1 फरवरी रविवार को ग्राम मोरिद में होगा। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोडश राम करेंगे। संयोजक राजप्रधान ईश्वरी वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, महापौर निर्मल कोसरे एवं सभी राज के राज प्रधान होंगे। सभास्थल के निरीक्षण के लिए दुर्ग राज प्रधान ईश्वरी वर्मा उप राजमंत्री दिनेश वर्मा, सह सचिव खिलेश वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा ,क्षेत्र प्रधान मोहिंद्र वर्मा ग्राम के प्रबुद्ध जन बलदाऊ वर्मा ग्राम प्रमुख वर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की एवं कार्य विभाजन किया। सभा स्थल बाजार चौक मोरिद का अवलोकन किया।

### नशे की दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास एक युवक को नशे की दवा बेचने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया । आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर दुर्ग निवासी नितेश यादव अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर आरोपी नितेश के जेब से नशीली प्रतिबंधित टैबलेट अल्फाजोलम के कुल 13 पैकेट जब्त किया। जिसमें 195 टेबलेट कीमत 78 हजार और बिक्री रकम 500 बरामद हुआ। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।

### बाइक रैली आज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा शहर में 1 फरवरी को बाइक रैली निकाली जाएगी। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि रैली सुबह 110 बजे हुडको स्थित श्री राम चौक से प्रारंभ होकर खुर्सीपार श्री राम चौक तक जाएगी। यात्रा का नेतृत्व डॉ. एसके अग्रवाल भिलाई नगर चुनाव प्रभारी, आम आदमी पार्टी करेंगे।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4, लक्ष्मी पारा जामुल निवासी भोजनारायण निषाद 29 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।

### नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली कष्ट दे रही ग्रामीणों को

# राशन का चावल नहीं मिल रहा गरीबों को सेल्समैन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

**खाद्य मंत्री बघेल ने कहा - जांच कर उठाएंगे सख्त कदम**



पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) गरीबों के लिए राहत नहीं, बल्कि पीड़ा की वजह बनती जा रही है। हालात इतने बदतर हैं कि गांव के करीब 40 राशन कार्डधारकों को महीनों से चावल सहित राशन सामग्री नहीं मिला है। सवाल सीधा है जब शासन गरीबों के हक का चावल भेज रहा है, तो वह गरीब की थाली तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में गरीबों के चावल की बड़ी खेप कालाबाजारी की भेंट चढ़ चुकी है। राशन दुकानों पर समय पर वितरण नहीं हो रहा, सेल्समेन मनमानी कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। इससे भी गंभीर बात यह कि एक ही व्यक्ति के कंधों पर पूरे पाटन ब्लॉक की 11 राशन दुकानों का बोझ डाल दिया गया है। क्या यही व्यवस्था है क्या एक व्यक्ति इतने बड़े दायित्व को ईमानदारी से निभा सकता है ।

ग्राम के मुखिया ने भी इस मामले को गंभीर बताया है। उनका साफ कहना है कि जिस व्यक्ति को राशन दुकान दी गई है, वह समय पर चावल वितरण नहीं करता। ग्राम पंचायत ने दुकान को हटाकर किसी स्थानीय समिति को देने की मांग की, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर यह मांग फाइलों में दबकर रह गई। इस पूरे मामले में पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने पहले राशन दुकान संचालक को हटाने का आदेश जारी किया, फिर उसी आदेश में संशोधन कर दिया।

यह कोई पहला मामला नहीं है। ग्राम पंचायत कोव्ही और सोनपुर में भी पहले इसी तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। लेकिन हर बार लीपापोती कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। न तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हुई, न ही व्यवस्था में कोई सुधार दिखा। जरूरत है कि पूरे पाटन ब्लॉक की राशन दुकानों की निष्पक्ष जांच हो, एक व्यक्ति के पास सौंपी गई 11 दुकानों की व्यवस्था पर तत्काल रोक लगे और दोषी अधिकारियों व संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वरना यह सवाल जनता पूछती रहेगी गरीबों का चावल आखिर जा कहां रहा है?

**नहीं हुई कार्रवाई**

पाटन एसडीएम को कई बार शिकायत किए हैं लेकिन कार्रवाई अभी तक नही हुई है। राशन दुकान महीने में 3 दिन खुलती है। इससे कार्डधारी परेशान होते हैं किसी को नमक तक नही दिया जाता। राशन दुकान गांव की महिला समूह को दिए जाने की मांग की गई है।

**धनश्याम ठाकुर**, सरपंच नारधी

**दोषी पर कार्रवाई की जाएगी**

एक ही व्यक्ति के द्वारा 11 दुकान चलाना संभव नहीं है। तत्काल जॉच समिति बना कर जांच करवा लेंगे और दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

**दयालदास बघेल**, खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़




## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल का दुष्परिणाम बताया ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- विद्यार्थियों ने रैली निकाल दिया जागरुकता का संदेश

बीएम महाविद्यालय द्वारा ग्राम पीसेगांव में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव, एमएल साव प्राचार्य, सरपंच द्रोपती देशमुख, सचिव रश्मि सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पण कर किया गया ।

विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता, नशा, बाल विवाह संबंधित नारा लगाकर जागरूक किया। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर बाल विवाह रोकने शपथ दिलाया गया। सर्वे फॉर्म लेकर विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर वहां की स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी प्राप्त की। स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चो का प्रदर्शन सराहनीय रहा। महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक भवन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कि प्रस्तुति के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल के दुष्परिणाम को बताया गया। सरपंच द्रोपती देशमुख ने बीएम कॉलेज द्वारा आयोजित सामुदायिक शिविर के आयोजन की प्रशंसा की। आभार व्यक्त बी एड विभागाध्यक्ष टुकुनी दलाई ने की।

## एक सप्ताह से सड़क मार्ग बंद, ग्रामीणों की परेशानी के बावजूद प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

- मवेशी की दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया रास्ता बाधित, आवागमन प्रभावित



गोडपेंडरी स्कूल के पास से फुंडा सब्जी बाड़ी होते हुए रायपुर रोड तक जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन को अब तक इसकी भनक तक नहीं लगी है। जानकारी के अनुसार, उक्त मार्ग पर मवेशी की दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लकड़ियाँ रखकर रास्ता बाधित कर दिया, जिससे इस मार्ग से होने वाला आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग क्रेशर एवं पत्थर खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता था। सड़क बंद होने के बाद अब इन भारी वाहनों को नहर पार के रास्ते से निकाला जा रहा है, जिससे शासन की सिंचाई नहर को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों के आवागमन से नहर की संरचना लगातार खराब हो रही है, लेकिन संबंधितनहर विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। राहगीरो ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क मार्ग को शीघ्र खुलवाया जाए, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि आम जनता और सरकारी संपत्तियों को नुकसान न हो।

## अंचल की खबरें

### निकाली गई वीर सपूतों की झांकी



**धमधा।** नगर में वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ पर वीर सपूतों का सजीव प्रदर्शन झांकी के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय के संस्कृत शिक्षा प्रभारी कक्ष के दिशा- निर्देश पर संस्कृति रक्षा संवर्धन हेतु धमधा, पाटन एवं दुर्ग में ब्लॉक स्तर पर कराया गया। इसी अंतर्गत धमधा खण्ड में बाजार मैदान में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार अशोक चौहान धमधा ने झांकी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के साथ वंदे मातरम के रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी और आनंद मठ के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़सरा के सचिन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनसीसी परेड का सलामी हुआ। दूसरा प्रदर्शन स्काउट सहित रेड क्रॉस ने सलामी दी। पश्चात वीर, सपूतों, बलिदानियों का क्रमशः सजीव रूप में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग वाहन पर सवार होकर अनेकों क्रांतिकारियों के रूप में दिखाई दे रहे थे।

### संत कबीर साहेब की वाणी हमेशा प्रासंगिक : कल्पना



**जामगांव आर।** बेल्हारी मे त्रि दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग समारोह के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग थे। मंच पर लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू मंचासिन रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में संत कबीर साहेब के अनुयायी सत्संग समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी प्रासंगिक थी ,है और सदा रहेगी। साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने में मददगार होती है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि जिसने भी संत कबीर साहेब की वाणी को आत्म सात किया उनको जीवन जीने की दिशा मिल गई। इस अवसर पर रामसिंह बंसोड, भेनकुमार चंद्राकर, हलधर महामल्ला, इन्द्रकुमार साहू, भावेश, दाऊराम साहू, रामअवतार सेन,प्राण साहू, नरेंद्र साहू, डिलेन्द्र साहू, रामबाई साहू, येमीन साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, माधुरी साहू, सत्यावती साहू, सहित समस्त श्रोतागण उपस्थित रहे।

### कुम्हारी में 'आई स्पर्धा 2026' का भव्य आयोजन



**कुम्हारी।** द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, के कुम्हारी परिसर में चार दिवसीय अंतर-विश्व विद्यालयीय/अंतर-विभागीय खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धा "आई स्पर्धा 2026" का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 24 खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पूरे खेलोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने की एवं कुलसचिव डॉ अर्चि दुबे भी उपस्थित रहीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने "विकसित भारत" की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्पर्धा में मुख्य अतिथि डॉ.राजीव चौधरी प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण के समन्वय से संभव है। अंत में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### म्यूल खाते का उपयोग करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** बैंक खाते में अवैध रकम ट्रांसफर होने की शिकायत होने पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के द्वारा म्यूल खाता के नंबर को लेकर जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला की जानकारी पुलिस को हुई। खाता धारक वैशाली नगर निवासी मोहम्मद गुलाम अंसारी ने जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला में खाता खुलवाकर ऑन लाईन ठगी की रकम ट्रांसफर करवाता था। 16 अक्टूबर 2024 से अवैध रूप से धन अर्जित कर 12.78 लाख रुपए के ऑनलाइन ठगी की रकम को खाता में जमा कराया।

### चंद्रशेखर को मिला उत्कृष्ट किसान प्रतिभा सम्मान



**पाटन।** पाटन राज मनवा कुर्मी समाज द्वारा के अधिवेशन में विशेष उत्कृष्ट किसान प्रतिभा का सम्मान सीएस एग्रो नर्सरी के संचालक चंद्रशेखर वर्मा व सहयोगी नरेंद्र वर्मा को सम्मानित किया गया। मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया।

## ढौर में शिव मंदिर से शिवलिंग व नंदी प्रतिमा चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन विकासखंड पाटन के ग्राम ढौर में असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक आस्था पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। ग्राम के बड़े तालाब परिसर में स्थित शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने शिवलिंग एवं नंदी प्रतिमा चोरी कर ली। यह मंदिर साहू परिवार द्वारा लगभग 60 वर्ष पूर्व निर्मित कराया गया था, जो ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को अपने साथ ले गए। सुबह जब श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो प्रतिमाएं गायब देखकर स्तब्ध रह गए। तत्पश्चात तत्काल इसकी सूचना ग्रामवासियों को दी गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। पूरे गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे केवल चोरी की घटना नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला गंभीर कृत्य बताया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी की जाए, साथ ही मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## केंद्रीय बजट से पूर्व व्यापारियों व उद्योगपतियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव किए साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा केंद्रीय बजट से पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर व्यापारियों और उद्योगपतियों की राय जानने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। बैठक में भिलाई सहित आसपास के व्यापारियों एवं उद्यमियों में बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने मिला। व्यापारियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव सांझा किए।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण व्यापारियों और उद्योगपतियों की वास्तविक समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और अब समय आ गया है कि उनकी अपेक्षाओं को नीति निर्माण में गंभीरता से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि टैक्स सरलीकरण, एमएसएमई को आसान ऋण, स्थानीय उद्योगों को संरक्षण, डिजिटल व्यापार में सहूलियत और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर चेम्बर सरकार को ठोस सुझाव देगा। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गर्गीशंकर मिश्रा ने कहा कि भिलाई क्षेत्र के व्यापारी उद्योग-अनुकूल नीतियों की अपेक्षा कर रहे हैं। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक लागत कम करने और टैक्स से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों के समाधान की आवश्यकता है।

स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि देश की जीडीपी को मजबूत करने के लिए स्वदेशी उद्योगों, स्थानीय उत्पादन और छोटे उद्यमों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कार्यक्रम में सुमन कन्नोजे, सविता शर्मा, टीना सतपुते, राकेश मल्होत्रा, रितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक संवर्ग के समस्याएं बताई अधिकारी को



**पाटन।** छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला -दुर्ग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष चंचल कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडेरेशन वि.खं-पाटन, जिला -दुर्ग (छ.ग) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा एवं पाटन वि.खं के कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन डालेन्द्र कुमार देवांगन से मुलाकात की। इस दौरान वि.खं-पाटन अंतर्गत कार्यरत समस्त शिक्षक संवर्ग की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के क्रम में रखकर अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन ने उक्त समस्याओं के अतिशीघ्र नियमानुसार निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। जिसमें छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन वि.खं पाटन के उपाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत तिवारी शामिल थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्राम मोखा में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का समापन आज

**गुरूर।** ग्राम मोखा में 31 जनवरी से 1 फरवरी दो दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच अश्वनी युगल साहू ने किया। विशेष अतिथि राजेंद्र गंजीर, रामचरण पटेल, रामस्वरूप सिंन्हा, पुष्पेंद्र कटेंद्र, पंचराम निषाद, उदयराम ठाकुर, पदुम सिंह केसरी, ओंकार साहू, कांशी कलिहारी, हेमराज कलिहारी, भागूराम नेवेंद्र, मन्नू कलिहारी थे। प्रतियोगिता में सरपंच अश्वनी साहू ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, उन्होंने कहा कि कहा कि जीवन में सफलताओं का मार्ग स्वस्थ शरीर से ही संभव है और स्वस्थ शरीर खेलकूद के माध्यम से प्राप्त होगा। सभी खिलाड़ी खेल को खेल भावना से लेकर खेले, हार जीत खेल में लगा रहता है। उपसरपंच पंचराम निषाद ने कहा कि गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होते रहना चाहिए, इससे खिलाड़ी को अपने हुनर की पहचान मिलती है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 6000 रूपये, द्वितीय 4000 रूपये, तृतीय 3000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2000 रुपए रखा गया है। यह आयोजन रॉयल ब्वाएस फ्रेंडशिप क्लब के तत्वाधान एवं ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### प्रगति स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह 3 फरवरी को

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा विद्यालय का 33वां वार्षिकोत्सव एवं सत्र 2024–25 के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आगामी 3 फरवरी मंगलवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1:00 बजे से विद्यालय परिसर में किया जाएगा। इस गरिमामयी आयोजन के मुख्य अतिथि लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष, नगर पंचायत डौंडीलोहारा होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हस्तीमल सांखला अध्यक्ष, विद्यालय संचालन समिति करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में फुलचंद डोसी सचिव, विद्यालय संचालन समिति व मुकेश कुमार देशमुख अध्यक्ष, विद्यालय पालक समिति उपस्थित रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर सत्र 2024–25 के मेधावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय परिवार द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### विभागीय परीक्षा केंद्र का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन गृह-सी विभाग विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। इस परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी को परीक्षा केंद्र के रूप में नामांकित किया गया है। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बीआईटी पहुंचकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

# भिलाई-3 चरोदा की सड़कें बदहाल, रोड पर जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र में कई सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। जगह-जगह सड़कें उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जीई रोड से नगर निगम कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर इतने बड़े हैं कि वाहन चालकों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में लोग नगर निगम कार्यालय, बाजार और आसपास के वार्डों की ओर आते-जाते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई बार अचानक गड्ढे आने से वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक सुबह और शाम के समय इस मार्ग पर यातायात दबाव अधिक रहता है। वहीं, रात के समय दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने कहा कि शहर सरकार मस्त है और आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में लोग आज भी मूलभूत परेशानियों से जूझ रहे हैं।

## लोगों का गुजरना हुआ मुश्किल, शिकायत का भी असर नहीं




### निगम क्षेत्र में ही व्यवस्था सवालों में

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सड़क नगर निगम कार्यालय तक जाती है, इसके बावजूद हालत बदतर है। नागरिकों का कहना है कि यदि निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों की यह स्थिति है, तो बाकी अंदरूनी इलाकों की सड़कों का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कार्य शुरू करे। साथ ही गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए ताकि आने-जाने में परेशानी कम हो और दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## मनरेगा बचाओ संग्राम : शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस ने दिया धरना

# 8 जगहों पर कांग्रेस ने किया चक्काजाम
# कांग्रेसियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**मनरेगा में हुए संशोधन को वापस लेने व धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग**

दुर्ग/ कुम्हारी/अंडा/जामुल/सेलूद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर के दिन 30 जनवरी यानी शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग और ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सांकेतिक चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया गया। दुर्ग में पटेल चौक, बजरंग चौक सेलूद, उमदा रोड भिलाई-3, मुख्य चौक अंडा, बस स्टैंड अहिवारा, तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी, स्टेशन चौक कुम्हारी में सांकेतिक चक्काजाम किया गया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक मुख्य सड़क को जाम किया गया। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल और राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ किसानों की धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाने, मनरेगा कानून को बंद करने और रोजगार से वंचित रसखने की साजिश के खिलाफ संघर्ष तथा भाजपा सरकार की किसान-विरोधी एवं श्रमिक-विरोधी नीतियों के खिलाफ जनआक्रोश प्रकट किया।

### मनरेगा में बदलाव को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



दुर्ग। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मजदूरों, किसानों एवं ग्रामीण परिवारों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मनरेगा योजना में किए गए बदलावों तथा धान खरीदी प्रक्रिया में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मनरेगा योजना वर्षों से ग्रामीण गरीबों और मजदूर वर्ग की आर्थिक रीढ़ रही है, लेकिन वर्तमान में इसके नाम एवं स्वरूप में किए गए बदलाव, कार्य दिवसों में कटौती और जटिल प्रक्रियाओं के कारण मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और पलायन की स्थिति बन रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। लगभग 20 प्रतिशत किसान आज भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें अब तक टोकन नहीं मिल पाए हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाई जाए तथा शेष सभी किसानों को शीघ्र टोकन जारी कर खरीदी सुनिश्चित की जाए। मांग की गई कि मनरेगा योजना कें स्वरूप में किए गए बदलाव को वापस लिया जाए। पूर्व निर्धारित कार्य दिवसों को बहाल किया जाए। धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर सभी किसानों को उनका अधिकार दिलाया जाए। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, राजेश यादव, आर.एन. वर्मा, संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गुरदीप भाटिया आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा



ग्रामीण क्षेत्रों में 7 प्रमुख चक्काजाम व धरना स्थलों पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मनरेगा श्रमिक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रहा, किंतु सरकार के खिलाफ तेवर बेहद आक्रामक और स्पष्ट थे। हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर किसानों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की गई।सड़क के दोनों ओर बैठकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा मनरेगा को पुनः पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई गई। उमदा रोड भिलाई-3 में धान खरीदी की धीमी प्रक्रिया और मनरेगा बंद करने की साजिश को लेकर विरोध दर्ज करया गया। अंडा में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की गई। बस स्टैंड अहिवारा में कांग्रेसजन किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ प्रतीकात्मक चक्काजाम कर आम नागरिकों को आंदोलन के उद्देश्य से अवगत कराया गया। हाई स्कूल तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी और स्टेशन चौक कुम्हारी में भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सेलूद में आशीष वर्मा, राजेश ठाकुर, मोहन साहू, सिरसा गेट भिलाई 3 में मेयर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, श्रीकांत वर्मा, डॉ. अशोक देशलहरा, अंडा चौक में नंदकुमार सेन, देवेंद्र देशमुख, दिनेश पटेल, टिकेश्वरी देशमुख, पुकेश चंद्राकर, रिवेंद्र यादव, कुम्हारी में मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, राजेंश्वर सोनकर, जामुल में कमलेश साहू, मन्नु यादव, सुनीता चन्नेवार, सरोजनी चंद्राकर, संजय देशलहरा, इस्माईल आजाद मौजूद थे।

# दुधली बना "मिनी इंडिया" 15 हजार रोवर-रेंजरों ने दिखाई भारत की विविधता

हरिभूमि न्यूज ▶▶बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली एवं राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ के दुधली जिला बालोद में 9 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजन हुआ। जिसमें देशभर के 15000 रोवर और रेंजर ने अपने प्रभारियों के साथ भाग लिए। इस आयोजन में ओवरसीज कंट्री के अन्तर्गत श्रीलंका के रोवर रेंजर ने भी भाग लेकर इस आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय आयोजन बनाया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव ने कहा कि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का पूरा बालोद जिला आभार मानता है कि यह आयोजन उन्होंने बालोद में करने का निर्णय लिया। ये हमारे जिले के लिए गौरव की बात है कि हमें इतने बड़े समुदाय का स्वागत करने का पुनीत पावन अवसर प्राप्त हुआ। अन्य राज्यों की संस्कृति, रहन सहन, वेशभूषा, बोली भाषा को नजदीक से देखने समझने का अवसर मिला। दुधली बालोद में विशाल भारत के विविधता का एक मिनी इंडिया के रूप अवतरित होना और स्काउटिंग परम्परा से रूबरू होना उनके लोक नृत्य, गान और संस्कृति बालोद और इसके आस पास के जनमानस के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया। राकेश यादव ने कहा हमारे देश के विभिन्न प्रांत के बच्चों का हर एक्टिविटीज का प्रदर्शन रोमांच भरा था। राकेश यादव जी बताते है कि समय के अनुपात में व्यवस्था बड़ी थी। कई चरणों में जिला प्रशासन ने राज्य की टीम के साथ कार्य योजना बनाकर जिला के जिम्मेदार विभागों को दायित्व सौंपा, जिसके परिणाम स्वरूप हम सफल आयोजन कराने में कामयाब हुए। राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक देशमुख, राज्य आयुक्त गाइड सीमा साहू एवं राज्य के सभी जिम्मेदार पदाधिकारी, जिला संगठन के पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी के साथ मिलकर जंबूरी संबंधी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ किया। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव की भूमिका अहम रही। राकेश यादव ने जिला संघ सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी द्वय प्रेमलता चंद्राकर, नेमसिंह साहू एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विगत तीन माह से जंबूरी संबंधी मैराथन बैठके करते रहे एवं मिले दायित्व को एक यादगार पल के रूप में बालोद का नाम दर्ज कराने हेतु संकल्पित रहे। यही दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम रहा कि बालोद जिला यह सफल आयोजन कर इतिहास रचने में सफल हो पाया। इस सफलता के पीछे जहां जिला प्रशासन एवं राज्य की पूरी टीम की भूमिका है, वहीं जिला संघ के सक्रिय स्काउटर गाइडर का योगदान रहा।



- जिला प्रशासन, राज्य व जिला स्काउट संगठन के समन्वय से सफल आयोजन

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, 2026 यूजीसी कानून वापस लेने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने और 2026 के नए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया।

- यूजीसी 2026 कानून को वापस लेने की मांग



इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी और प्रभुनाथ मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम उत्तम ध्रुव को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी 2026 कानून को शीघ्र वापस लिया जाए, क्योंकि इससे समाज में जातिगत भेदभाव की भावना उत्पन्न होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से इस विषय पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि इस कथित काला कानून को शीघ्र वापस लिया जाए। इस दौरान शशिकांत तिवारी, प्रभुनाथ मिश्रा, सुमित शर्मा, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी,

### ट्रक की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** बाईक के माध्यम से ईलाज के लिए आए युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम उचपानी थाना कोरर जिला कांकेर निवासी दयालू ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी बडी मां चौती बाई गावडे को लेकर ईलाज कराने मोटर साइकिल से डौंडी आये थे, भाई सियाराम गावडे भी अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 ट 2432 से अकेला आया था, बडी मां का ईलाज कराने के बाद शाम करीब 03.45 बजे वापस अपने गांव तुमडीसुर जा रहे थे, भाई सियाराम गावडे अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 24 ट 2432 से अकेला आगे आगे जा रहा था, ग्राम लिम्हाटोला चौक के पास मेन रोड में करीब सामने की ओर से आ रही वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 08 स 4889 के चालक ने मोटर सायकल सीजी 24 ट 2432 के चालक सियाराम गावडे को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से भाई सियाराम गावडे का दाहिने पैर एवं हाथ व सिर में गंभीर चोटे आया है, मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है।

## पेज 11 के शेष...

### किसानों के समर्थन ...

मदद एवं लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। विधायक ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर किसानो की समस्याओं का समाधान या उचित निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी अपने समस्त कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ सड़को पर बैठकर धरना–प्रदर्शन करेगी।

विधायक संगीता सिन्हा ने धान का बिना उनकी अनुमति समर्पण करवाने का पुरजोर विरोध किया और धान रकबा समर्पण को पूरी तरह असंवैधानिक बताया।

### जिला स्तरीय सड़क...

आदि जांच करने की निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे किसी भी स्थिति में वाहन न चलाए। इसके लिए स्कूल आदि में नियमित रूप से जांच करने के निर्देश भी दिए। पटेल ने सड़क के किनारे अतिक्रमण कर वाहन खड़ी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधीक्षक पटेल ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने सड़कों एवं चौक–चौराहों में विचरण करने वाले मवेशियों की रोकथाम के अलावा गुड सेमेरिटन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली।

बैठक में पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से आवश्यक स्थानों को चिन्हित कर अनिवार्य रूप से ट्रेफिक सिगनल लगाने के निर्देश दिए। पटेल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने हेतु सुझाव भी लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए।



## खबर संक्षेप



### पुरूर मिर्रिटोला में राज्य स्थापना रजत जयंती 2026 का आयोजन हुआ

**गुरूर।** उप संभाग गुरूर के अंतर्गत वितरण केंद्र पुरूर के ग्राम पुरूर मिर्रिटोला में राज्य स्थापना रजत जयंती 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मिर्रिटोला हीरामणि साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष द्वारिका काटेंद्र, जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में 5 घरेलु, 5 गैर घरेलु, 5 कृषि, 5 सोलर एवं 5 बीपीएल उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र तथा चार सेवानिवृत कर्मचारियों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### रोजगार युवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप का आज

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत जिले के बेंरोजगार 10वीं पास या फेल बेरोजगार नवयुवको को रोजगार प्रदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन आज है। जिसमें आवेदित उम्मीदवारो को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत फायर सेफ्टी, आपातकालीन प्रबंधन और सिविल डिफेंस, सुरक्षा गार्ड मे स्थाई रोजगार देने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रे में कार्य पर रखेंगे। जिसके तहत थाना पुरूर में 1 फरवरी व 8 अप्रैल को व थाना गुरूर क्षेत्र में 2 फरवरी व 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूल एवं छायाप्रति, पासपोर्ट साईज दो फोटो के साथ भर्ती में भाग ले सकते है।

### महाशिवरात्रि पर जोगीमठ बाबा मंदिर में लगेगा मेला



**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष कलंगपुर चारभाठा के मध्य स्थित पावन एवं धार्मिक स्थल जय जोगीमठ बाबा मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर भव्य मेला का आयोजन होता है। जिसके लिए यहां के जोगीमठ जन सेवा समिति के द्वारा मेला स्थल का निलामी किया जाता है। जिसके तहत इस वर्ष भी निलामी की प्रक्रिया 2 फरवरी सोमवार को दोपहर 3 ग्राम कलंगपुर बाजार स्थल पर रखा गया है। उक्त जानकारी समिति के सदस्य भीखाराम साहू ने दी।

कार्यक्रम : उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन में मितानों और विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान 40 नेक व्यक्ति एवं 50 सड़क सुरक्षा मितानों को प्रशस्ति पत्र, हेलमेट एवं फर्स्ट एड किट वितरित कर सम्मान किया गया। 60 स्कूली छात्र, छात्रओं एवं यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान सहयोग करने वालों को प्रशस्ति पत्र, डायरी एवं सड़क सुरक्षा कैलेण्डर वितरित कर सम्मान किया गया। सड़क सुरक्षा माह 2026 के आयोजन का मुल उद्देश्य सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, आम जनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

यातायात माह के दौरान लर्निंग लायसेंस शिविरो में 447 आवेदकों को लर्निंग लायसेंस प्रदाय किया गया। माह के दौरान 147 वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच किया गया है। 24 स्कूली बसों का जांच पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा किया गया है। नुक्कड नाटक के माध्यम से हाट, बाजारों, मेला मंडाई में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेल्फी पाइंट बनाकर लोगो को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की अपील किया गया।



**यातायात नियमों के पालन करने के लिए किया गया प्रेरित**

बालोद के कला जत्था के कलाकारों द्वारा माह भर नुक्कड़ नाटक के माध्यम सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों जैसे बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, सड़क दुर्घटना होने पर घायलों की मदद के लिए आगे आने हेतु जागरूक किया गया, साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने व दुसरो को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है।

सड़क सुरक्षा के प्रति लोगो में जागरूकता लाने हेतु हेलमेट पहन कर बाइक रैली, स्कूली बच्चों के निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन, चित्रकला. रंगोली, मॉडल प्रतियोगिता, जुम्बा कार्यक्रम, रक्त दान शिविर, गुलाब फुल भेट, शपथ कार्यक्रम, मेला हॉट बजारों में जागरूकता के विविध कार्यक्रम आयोजन माह भर किया गया। अतिथियों ने वाहन चालको से संयमित गति से वाहन चलाने एवं हेलमेट लगाकर वाहन चलाने हेतु अपील किया। अति. पुलिस अधीक्षक बालोद ने माह भर चले जागरुकता कार्यक्रमों के विविध कार्यक्रमों का संक्षिप्त जानकारी दिया, उन्होने बताया की सड़क हादसों में कमी लाने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना बहुत जरूरी है, बहुत से लोग नियमों का पालन नहीं करने के कारण दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते है, युवाओं से बिना लायसेंस वाहन नहीं चलाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। सडक सुरक्षा माह के दौरान जुबा कार्यक्रम एवं रक्त दान शिविर जैसे विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंज जंबुरी में भी स्टॉल लगाकार पाम्पलेट वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की भाजयुमो ने थाने में शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

स्थानीय युवा मोर्चा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं अशोभनीय पोस्ट किए जाने के संबंध में थाना डौंडी लोहारा में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है तथा दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र कुमार देशमुख के नेतृत्व में भाजपा नेता सोमेंद्र देशमुख, सुरेश देशमुख, प्रिंस शर्मा, हीरेन्द्र गायकवाड़, भूषण साहू, अभिषेक जैन सहित अनेक कार्यकर्ता थाना पहुंचे और औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई। भाजयुमो नेताओं ने शिकायत पत्र में बताया कि दिनांक 19 जनवरी 2026 को एक व्हाट्सएप ग्रुप में साजन पटेल द्वारा अपने व्हाट्सएप नंबर से एक आपत्तिजनक एवं अमर्यादित पोस्ट सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की गई। उक्त पोस्ट को जानबूझकर भाजपा जिलाध्यक्ष की छवि धूमिल करने, उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने तथा राजनीतिक विद्वेष फैलाने की मंशा से प्रसारित किया गया बताया गया है। नेताओं का कहना है कि इस प्रकार की सामग्री न केवल अपमानजनक है, बल्कि इससे समाज में वैमनस्य, अशांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना भी बनती है। भाजयुमो ने आरोपी के विरुद्ध प्रचलित कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करने, सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट की जांच कर साक्ष्य सुरक्षित करने तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

### कार की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** कार ने मोटर साइकिल चालक को ठोकर मार दी। जिससे मोटर साइकिल चालक घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक के पिता ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम झलमला वार्ड क्रमांक 07 स्कूल पारा निवासी उमेन्द्र कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को गंया मईया मंदिर के पास मेरे लड़का हितेश कुमार पटेल की मोटर साइकिल सीजी 24 वाई 0730 को कार सीजी 24 आर 6750 ने ठोकर मार दी। हितेश कुमार बालोद मार्केट गया था, घटना में मेरे बेटे को सिर, चेहरा, सीना एवं हाथ पैर में चोट लगकर खुन निकला है। आस पास खड़े लोगों ने बताया कि कार बालोद तरफ से आ रहा था तथा मोटर साइकिल चालक भी बालोद की ओर से आ रहा था।

## ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी में धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव, मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

नगर स्थित ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी का वार्षिक उत्सव भव्य व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर ज्ञानदीप एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष मंगला तिवर, अकादमी की संरक्षक विद्या शर्मा, पार्षदगण किशोर दीवान, राकेश सांखला, वीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र निषाद, जुगरू बघेल, ममता शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी नगर का पहला अंग्रेजी माध्यम विद्यालय है, जिसने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को इस संस्था में शिक्षा दिलाने को सराहनीय निर्णय बताया। साथ ही विद्यालय के शैक्षणिक विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।



**अतिथियों ने की विद्यालय के प्रयासों की सराहना**

कार्यक्रम के दौरान अकादमी के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, हास्य गीतों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों और कविताओं के माध्यम से समां बांध दिया। बच्चों की सजीव व भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों व दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम रहे। विशेष अतिथि के रूप में कीर्ति बाला टॉक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टॉक एवं दीक्षा तिवर उपस्थित रहीं। अपने उद्बोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे ही भारत का भविष्य हैं और यहीं से आगे चलकर इंजीनियर, डॉक्टर व विभिन्न क्षेत्रों के श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अकादमी के शिक्षकों व प्राचार्य संगीता तिवर के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय को 1 लाख की राशि तथा कुर्सी-टेबल उपलब्ध कराने की घोषणा की। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य संगीता तिवर, रीमा , शर्मा , ढाले , लक्ष्मी सिंहा, साहू, उमाशंकर साहू सहित समस्त शिक्षकगण व बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उल्लास और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ, जिससे ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी के उज्ज्वल भविष्य की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## ग्राम ठेकवाडीह में सर्वोदय मंडल ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर





ग्राम ठेकवाडीह मे जिला स्तरीय सर्वोदय मंडल के द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें सुबह सर्वधर्म प्रार्थना, प्रभातफेरी निकाली गई एवं गौमाता को खिचड़ी खिलाई। गांधी, विनोबा एवं जयप्रकाश को श्रध्दांजलि दी गई। जिला सर्वोदय अध्यक्ष संतोष नटराज ने कहा कि गांधी ने सत्य अहिंसा के साथ आपसी भाईचारे का संदेश दिया। सर्वोदय से जुडे साथियों से मिलकर कार्य करना होगा। पूर्व बीईओ गालव कुमार साहू ने कहा कि गांधी जी विचार धारा के धनी थे। रिटायर प्राचार्य सेवा राम तेजस्वी ने कहा कि गांधी के विचारों को गांव गांव मे सर्वोदय मंडल के माध्यम आगे बढाने का प्रयास होना चाहिए। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्वोदय मंडल दीनदयाल चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने विचारों के माध्यम से देश को आजाद कराने में शांति का संदेश दिया था। सरपंच देवश्री साहू ने कहा कि छूआछूत को मिटाने का प्रयास किया एवं हरिजन नाम दिया। सत्य अहिंसा पर समाज के नीव रखी, ग्राम स्वराज के उत्थान का कार्य किया। अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज पूर्णोत्तम साहू ने कहा अहिंसा के बल पर लोगों का दिल जीता। इस अवसर पर संरक्षक बालोद जिला खेदुराम साहू, उपाध्यक्ष बालोद जिला कृपा राम साहू, कोषाध्यक्ष इंदल साहू, अंकेक्षक नेतराम साहू, परदेशी राम साहू, अशोक सिन्हा, गौकरण साहू, दीनदयाल देवांगन, नरेन्द्र सोनबोईर, भगवंत देवांगन, गायत्री परिजन बहूर सिंह साहू, संयोजक जगदीश चुरेन्द्र ने भी सभा को संबोधित किए। मिडिल एवं हाईस्कूल ठेकवाडीह के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दुलार साहू एवं विनेश गजेन्द्र ने किया। आभार जिला सर्वोदय मंडल सचिव परस राम साहू ने की। इस असवर पर लीला राम साहू, उपसरपंच तामेश्वरी साहू, नारायण साहू, भीखू राम साहू, विक्रम भंडारी, गैदलाल भंडारी, संतूराम साहू, शिवदयाल साहू, रामसिंह साहू,दुष्यंत साहू, बृजलाल साहू, बालाराम सोनवानी, मानूराम साहू, बालचरण साहू, राजेंद्र साहू,जगत राम साहू, उदय राम साहू सहित डोटोपार, सनौद, बोहारा, गुरुर, चिचबोड परिक्षेत्र, पैरी परिक्षेत्र, लोहारा परिक्षेत्र के अलावा आसपास के लोग उपस्थित थे।

## छात्राओं को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के आत्मबल, आत्मविश्वास एवं सुरक्षा क्षमता के विकास के उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आत्मरक्षा प्रशिक्षक चिकलेश्वरी आमदो के कुशल मार्गदर्शन में दिया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को असामाजिक तत्वों एवं विपरीत परिस्थितियों से स्वयं की रक्षा करने के व्यावहारिक तरीके सिखाए जा रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी शिक्षक भूपेंद्र कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना "रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना" के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर छात्राओं को नियमित रूप से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे किसी भी कठिन परिस्थिति का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीकों के साथ-साथ मानसिक मजबूती, सतर्कता, अनुशासन, साहस और आत्मनिर्भरता के गुण भी विकसित किए जा रहे हैं। छात्राओं ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे स्वयं को अधिक सुरक्षित व सशक्त महसूस कर रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज में सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बेटियों के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहे हैं।



## सेजस स्कूल के 110 बालिकाओं को मिली सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, डौंडीलोहारा में कुल 110 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। इनमें हिंदी माध्यम की 82 छात्राएं एवं अंग्रेजी माध्यम की 28 छात्राएं शामिल रहीं। कार्यक्रम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य दिनेश जैन एवं श्रीमती माया जयेश ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य दिलीप राम देवहरे, साइकिल वितरण प्रभारी मनसुखदास साहू तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए प्राचार्य दिलीप राम देवहरे ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की एक सशक्त पहल है। यह योजना स्कूल की दूरी कम करने, सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने तथा छात्राओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलती है और उनकी शिक्षा की राह सरल होती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों ने योजना की सराहना करते हुए इसे बालिका शिक्षा सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया।



### छगनाचा पार्टी का आयोजन आज

**बालोद/सिकोसा।** माघी पूर्णिमा गौरया मेला के शुभ अवसर पर ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुति 1 फरवरी रविवार को कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें ग्राम पटेल बेदी लाल निर्मलकार, मुन्ना लाल साहू, राम ठाकुर, यादराम साहू, टिकेश्वर हिरवानी, दिलीप साहू, मुरलीधर साहू, शिव कुमार साहू गुड्डू साहू उत्तम साहू, भगवान सिंह साहू, निर्मल सिंह साहू, ग्राम पंचायत कोगनी मोहलाई के सरपंच सगेश्वरी तामेश्वर निषाद के साथ ग्राम के सभी ग्रामीण जन की सहयोग है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## शाला पांगरी में स्थापित की गई छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण पांगरी में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित किया गया। उक्त मूर्ति दानदाता सेवानिवृत्त प्रधान पाठक प्राथमिक शाला भाठागांव आर वेद प्रकाश यदु द्वारा प्रदान किया गया। मूर्ती स्थापना कार्यक्रम जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, सरपंच प्रमोद कुमार पटेल, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अवधेश यदु, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला युवराज सिंह और प्रधान पाठक प्राथमिक शाला नरेश उइके ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर दानदाता यदु ने अपने प्राथमिक शाला पांगारी में प्रथम सेवा प्रारम्भ करने और सेवाकाल के अनुभव को साझा किया और उस स्मृति को अक्षुन्य बनाने के लिए भाठागांव से सेवनिवृत्त होने पर भी प्रथम सेवा प्रारम्भ शाला को छत्तीसगढ़ महतारी का आदम कद प्रतिमा भेट किया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अवधेश यदु ने वेद प्रकाश यदु के प्रति आभार मानते हुए बताया कि यदु ने जिस जिस विद्यालय में सेवा दिए और अध्ययन किए उन सभी विद्यालयों में कुल सात आदम कद प्रतिमा भेंट किए यह उनके विद्यालय और बच्चों के प्रति स्नेह को दिखाता है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार व्याख्याता अर्जुन सिंह तारम, पुनेश्वर ठाकुर व्याख्याता घनश्याम साहू, सुप्रिया चंद्राकर, जागेश्वर पटेल, इंदु चंद्राकर, बिन्देश्वरी चंद्राकर, चूड़ामनी नागेश, पार्वती साहनी, भीषम लखेरा, सुनील चंद्राकर, रविकांत वर्मा, बहूर सिंह खरे, शंकर लाल, कांति पटेल उपस्थित थे।





### धनोरा में माघी पुननी मेला आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के धनोरा दुर्ग में हर साल माघी मेला का आयोजन 67 वर्ष से होते चले आरहे है एवं हर वर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है। इस वर्ष कथा वाचक मुरली धर गुढियारी रायपुर वाले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य जजमान वासुदेव सपरे, संगीता सपरे,उपसरपंच एवं चुमन साहू, लता साहू रहे शुक्रवार शाम को भागवत भगवान का शोभा यात्रा गली भ्रमण किया गया। जिसमें हेमंत साहू एवं गुलाब साहू के भंजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुए साथ साथ चलते रहे। शनिवार को हवन पुजन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें गावं के गणमान्य नागरिक लोग हवन डाले आगे मंदिर समिति के मनसुखा साहू ने बताया कि 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला मड़ई का आयोजन एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच जय छत्तीसगढ़ महतारी नाच पार्टी कुम्हारी चंम्पारण वाले का एवं कार्यक्रम मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भोजन भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित झब्बू साहू एवं मनसुखा साहू ने दी।

